# केंद्र को राज्य सरकार भेज रही नारायणी गंगा कारिडोर का प्रस्ताव : विजय सिन्हा

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा केंद्र को नारायणी-गंगा कारिडोर का प्रस्ताव भेजा जा रहा है। इस कारिडोर से राज्य के उत्तर-दक्षिण हिस्से को संपर्कता मिलेगी। यह नए हाईस्पीड ग्रीनफील्ड कारिडोर के रूप में विकसित होगा। इसमें गंडक नदी पर एक नए पुल का प्रस्ताव भी शामिल है।



विजय कुमार सिन्हा

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कारिडोर से राज्य के उत्तर-पश्चिम कोने की सीधी संपर्कता दक्षिण-पश्चिम कोने से हो जाएगी। इससे भोजपुर, सारण, सीवान, गोपालगंज और पश्चिम चंपारण जिले को त्वरित संपर्कता हासिल होगी। प्रस्तावित कारिडोर बगहा से आरा के पातर के बीच बनेगा। यह कारिडोर पटना-आरा- सासाराम हाईस्पीड कारिडोर से जुड़ जाएगा। अभी आरा और छपरा के बीच गंगा नदी पर जो पुल है, उस पर वाहनों का अधिक दवाब है। इस वजह से गंगा नदी पर रिविलगंज में एक और पुल के निर्माण पर विचार किया जा रहा। यह प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लक्ष्य के अनुरूप त्वरित संपर्कता उपलब्ध कराने की दिशा में भी यह कारिडोर निर्णायक साबित होगा।